पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून बृहस्पतिवार 25 जून 2020 पेज 8

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंकते लोग।



## संक्षिप्त समाचार

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि, चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका

**संवाददाता** देहरादून। चीन द्वारा गलवान घाटी मे किये गये कुकृत्य से हमारे जाबांज 20 भारतीय जवान शहीद हो गये थे और चीन द्वारा यह कृत्य धोखे से किया गया था और शहीदों की याद में दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और चीन के सामान का व्यापक स्तर पर बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। वहीं चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंका गया। व्यापार मण्डल हाथीबड़कला के सदस्य एवं पदाधिकारी हाथीबडकला स्थित शहीद मेजर भूपेन्द्र कंडारी मार्ग पर एकत्रित हुए और वहां पर चीन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

### रक्तदाताओं से एकत्रित किया 31 यूनिट रक्त

**संवाददाता** देहरादून। भैंरव सेना की महिला इकाई नंदा वाहिनी की प्रभारी रीना गोयल विश्वकर्मा के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सिमरन गेस्ट हाउस में महंत इंद्रेश हॉस्पिटल द्वारा संचालित ब्लड बैंक के जनसंपर्क अधिकारी मोहित चावला की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर में मौसम खराब होने के बावजूद भी 31 यूनिट रक्त रक्तादाताओं ने स्वेच्छा से समाज हित में दान किया। इस समय स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण जीवनदायी रक्तए की काफी कमीं हो रही है।

### डंपिंग जोन को हटाये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। कारगी चौक के निकट डंपिंग जोन को हटाये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नेहरू कॉलोनी स्थित सह पर्यावरण अधिकारी से मिले और ज्ञापन सौंपकर इस पर कार्यवाही करने की मांग की है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री संगठन संदीप चमोली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नेहरू कॉलोनी स्थित सह पर्यावरण अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए कारगी चौक के निकट डंपिंग जोन को हटाये जाने की मांग की है।

### क्लासमेट स्पैल बी सीजन 12 की नेशनल चौम्पियन बनी श्रीवल्ली घोष

**संवाददाता** देहरादून। क्लासमेट स्पैल बी भारत की सबसे बड़ी स्पैलिंग प्रतियोगिता है। यह पहल है रेडियो मिर्ची की और इसके 12वें सीजन का समापन हुआ है मंगलवार 23 जून 2020 को। रोमांचक फिनाले में विजेताओं के नामों की घोषणा हुई और यह घोषणा की बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने। सेंट माइकल स्कूल, सिलिगुड़ी की श्रीवल्ली घोष को राष्ट्रीय चौम्पियन घोषित किया गया जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद के भद्रा पाणिक्कर प्रथम उपविजेता रहे।

## हर घर को नल हर नल में जलः बंशीधर भगत

**संवाददाता** देहरादून। आजादी के इतने वर्ष बीतने के बाद भी देश एवं प्रदेश के गांवों में बिजली, पानी, गैस, शौचालय से महरूम थे केंद्र एवं राज्य सरकार ने अब इन्हें प्रत्येक गांव तक पहुंचाया है देश का कोई भी गांव अब इनसे अछूता नहीं है। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने आज देहरादून कैंट विधानसभा वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने व्यस्त समय से वर्ष में दो बार उत्तराखंड के विकास कार्यों की समीक्षा स्वयं करते हैं ।और उत्तराखंड भाग्यशाली है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चारों धाम विशेषकर केदारनाथ एवं ऑल वेदर रोड की समय–समय पर स्वयं समीक्षा कर निर्देश देते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने राम जन्मभूमि निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए कहा कि आने वाले 5 साल में यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल बनने जा रहा है इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा तीन तलाक एवं स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा करने के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने जनधन खाते खुलवा कर सत्ता का लाभ सीधे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि स्वर्गीय मुखर्जी के अंत्योदय के विचार को भी सरकार ने धरातल पर उतारा है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने जमरानी बांध पंचेश्वर बांध एवं चिकित्सालय उच्चीकरण एवं कोरोना वायरस महामारी से निपटने के राज्य सरकार के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री की भी प्रशंसा की।

# ई ऑफिस प्रणाली से कार्यों में और पारदर्शिता आएगीः सीएम

**शुभारंभ**

मुख्यमंत्री ने किया ई–कलेक्ट्रेट प्रणाली का शुभारंभ | समय की मांग के अनुसार तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग जरूरी | कलेक्ट्रेट के सभी अनुभाग इस प्रणाली से जोड़े गए हैंः जिलाधिकारी



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में ई–कलेक्ट्रेट प्रणाली देहरादून का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय की मांग के अनुसार तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग जरूरी है। ई कलेक्ट्रेट प्रणाली से लोगों को सुविधा तो होगी ही साथ ही समय कि बचत भी होगी और अनावश्यक कार्यालयों की भागदौड़ भी नहीं करनी पड़ेगी। ई ऑफिस प्रणाली से कार्यों में और पारदर्शिता आएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य विभागों में भी ई ऑफिस प्रणाली शुरू करने के लिए प्रयास किए जाए। उन्होंने निर्धारित समयावधि से एक सप्ताह पूर्व ही ई–कलैक्ट्रेट प्रणाली का शुभारंभ करवाने पर जिला प्रशासन को बधाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि ई–कलेक्ट्रेट प्रणाली का शुभारंभ स्मार्ट सिटी देहरादून, आईटीडीए एवं एनआईसी के सहयोग से किया गया। इसके तहत कलैक्ट्रेट के सभी अनुभाग इस प्रणाली से जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि अब कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों में इस प्रणाली के माध्यम से कार्य किए जाएंगे। राजस्व विभाग के फील्ड कर्मी भी इसी प्रणाली से कार्य करेंगे। इससे कार्य में पारदर्शिता के साथ ही अधिकारी एवं संबंधित कार्मिक की निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी तय रहेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार रविंद्र दत्त, कमिश्नर गढ़वाल रविनाथ रमन, निदेशक आइटीडीए अमित सिन्हा, सीईओ स्मार्ट सिटी रणवीर सिंह चौहान, एडीएम वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुधियाल, एडीएम प्रशासन अरविंद पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में कोरोना से अबतक 35 की मौत

**कहर**

■33 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है, 51 लोग पूरी तरह से स्वस्थ

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमितों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को दो बजे तक 33 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि 51 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश में अब कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2568 हो गई है। इनमें से 1653 पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। 863 मामले एक्टिव हैं, जबकि 35 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 17 लोग राज्य से जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक आज प्रदेश में 1472 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है, जबकि 33 लोग संक्रमित पाए गए हैं। इनमें सबसे अधिक दस मामले देहरादून में सामने आए हैं। इसके साथ ही पौड़ी गढ़वाल नौ, टिहरी गढ़वाल सात और ऊधमसिंह नगर में छह मामले सामने आए हैं। वहीं, 1115 लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। आपको बता दें कि अबतक कुल 50950 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है, जबकि 3626 की कोरोना जांच रिपोर्ट का इंतजार किया गया है।

### मरीज को कोविड–नान कोविड के फेर में न उलझाएंः डीएम

शहर के कई अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद भी प्रसूता को उपचार न मिलने के कारण हुई मौत के बाद अब देहरादून जिला प्रशासन हरकत में आया है। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कोरोनेशन, गांधी, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल एवं एम्स के अधिकारियों की बैठक ली। उन्हें निर्देश दिए कि किसी भी गंभीर मरीज को कोविड एवं नान कोविड के फेर में अस्पताल से न लौटाया जाए। उसे स्टेबल करने के बाद ही दूसरे अस्पतालों में भेजा जाए। वहीं, अस्पतालों में समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

### दुर्घटना के दो मृतकों सहित तीन की कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव

ऋषिकेश बदरीनाथ हाइवे पर बीती 22 जून को कार दुर्घटना में मृत दो लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अतिरिक्त रायवाला में इसी रोज फांसी लगाने वाले एक युवक की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। बीते सोमवार को कोडियाला के समीप देवप्रयाग की ओर से हरिद्वार आ रही एक आइ 20 कार खाई में गिर गई थी। कार में चालक प्रदीप कुमार (42 वर्ष) एवं सरल सैनी (17 वर्ष) दोनों निवासी ज्वालापुर हरिद्वार की घटनास्थल पर मौत हो गई थी।

## कोविड 19 संक्रमण में निर्णय लेने पर सरकार असफलः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण को उत्तराखंड में राज्य सरकार सुचारू व्यवस्था करने व समय पर निर्णय लेने में असफल रही है।

उन्होंने कहा कि अपनी असफलताओं को छिपाने के लिये उलझुल निर्णय ले रही हैं तथा आखिर में उच्च न्यायालय नैनीताल को संज्ञान लेकर दिशा निर्देश देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के शिक्षा मंत्री का एक बयान कि सरकार प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर दो दो अंग्रेजी माध्यम की स्कूल खोला जायेगा। राज्य सरकार ने अपनी शिक्षा प्रणाली को तो बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि 3500 से ज्यादा स्कूलों को बंद कर दिया गया है साथ ही आईटीआई तकनीकी संस्थानों को बंद कर दिये गए है। लेकिन इस कोरोना वायरस कोविड 10 संक्रमण काल मे जनता के बीच भ्रम पैदा करने हेतु शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडेय कर रहे है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०- 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।